# शर्ट से टोट बैग

*हम पुरानी शर्ट से आसानी से एक अनोखा टोट बैग बना सकते हैं। चलिये इसे देखते हैं।*

























## सामग्री की सूची

दो पुरे बाजू की शर्ट। हमने इसके लिए एक चेकर्ड और एक प्लेन शर्ट लिया है। शर्ट मीडियम साइज या बड़े साइज के हो सकते हैं।
चॉक
कैंची
बीडेड पिंस
मैचिंग धागा
और एक लूप टर्नर


चलिए शुरू करें

एक शर्ट लें और उसे पूरी तरह से खोलें। शर्ट के फ्रंट को दिखाए अनुसार अपनी ओर रखें। इस बैग को आसानी से बनाने के लिए हमने एक टेम्प्लेट बनाया है जिसकी लंबाई 16 इंच और चौड़ाई 15 इंच है। अब चौकोर टेम्प्लेट को शर्ट के ऊपर इस तरह रखें कि पॉकेट टेम्प्लेट के नीचे आ जाए। जब आप शर्ट पर पैटर्न रखें तो सुनिश्चित करें कि आपने टेम्पलेट को जेब पर रखा हो और जेब के ऊपर कम से कम 2.5 इंच और साइड में कम से कम 1 इंच अतिरिक्त कपड़ा हो।

कृपया ध्यान दें कि जेब आवश्यक है और बैग के कपड़े का हिस्सा होना चाहिए। टेम्पलेट को शर्ट पर रख के पिन लगा दें। सुनिश्चित करें कि आप कपड़े की दोनों परतों मे पिन लगाएं। ये करने के बाद चॉक से कपड़े पर टेम्पलेट की रूपरेखा बनाएं। टेम्पलेट से पिन निकालें। अब कैंची से कपड़े को काटकर अलग रख दें।

बैग के बेल्ट के लिए हमने 2½ इंच चौड़ा का एक और टेम्प्लेट बनाया है। बेल्ट के टेम्प्लेट की लंबाई लगभग आस्तीन की लंबाई के समान होगी। हमें इसके लिए कपड़े के तीन पीस चाहिए। टेम्पलेट को आस्तीन पर रखें और इसमे कपड़े की दोनों परतों के साथ पिन लगा दें। चॉक से इसकी रूपरेखा बनाएं। टेम्पलेट से पिन निकालें। कैंची से लगाए हुए निशान के अनुसार काटें। अब हमारे पास दो स्ट्रिप्स तैयार हैं। अगली स्ट्रिप के लिए दिखाए अनुसार टेम्पलेट को शर्ट के बचे हुए कपड़े के ऊपर रखें। पिन लगाएं, निशान लगाएं, पिन निकालें और काट लें।

संक्षेप में, अब हमारे पास बैग के लिए 2 आयताकार टुकड़े हैं और बैग के बेल्ट या हैंडल के लिए 3 स्ट्रिप्स हैं।






हम दूसरी शर्ट पर भी यही प्रक्रिया दोहराएंगे।

पहले की तरह ही 2 आयताकार टुकड़े और हैंडल के लिए 3 स्ट्रिप्स। आइए पहले हैंडल पर पिन लगाएं। पहले दो स्ट्रिप्स के ऊपरी हिस्से को जोड़े, सीधा हिस्सा आमने सामने हो, और दिखाए अनुसार पिन लगा दें। अब दूसरी पट्टी का निचला भाग लें और इसे दिखाए अनुसार इस प्रकार पलटें कि दूसरी पट्टी के सीधे हिस्से का निचला भाग तीसरी पट्टी के सीधे हिस्से के ऊपरी भाग से मेल खाए और इनमें एक साथ पिन लगा दें।




अब चौकोर टुकड़े लें। इनका सीधा हिस्सा आमने सामने कर के रखें और चारों कोनों पर पिन लगा दें जैसा ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। अब बताए अनुसार चौकोर टुकड़े के ऊपरी हिस्से को छोड़ के चारों ओर सिलना है, लेकिन सिलते समय लगभग 3 इंच का हिस्सा खुला छोड़ दें ताकि आप बैग को अंदर से बाहर की ओर पलट सकें। चॉक से खुले हिस्से का निशान लगा लें।






अब चेकर्ड शर्ट पर काम करेंगे। प्लेन शर्ट के टुकड़ों की तरह, दो पतले स्ट्रिप्स के ऊपरी हिस्से को जोड़ें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो।फिर बीच की पट्टी का निचला भाग लें और इसे इस तरह पलटे कि तीसरी स्ट्रिप का सीधा हिस्सा आमने सामने हो जाये। ऊपरी हिस्से पर पिन लगा दें। चौकोर टुकड़ों के लिए भी यही दोहराएं। इनका सीधा हिस्सा आमने सामने कर के रखें और चारों कोनों पर पिन लगा दें। नोट- इस पीस के लिए आपको 3 इंच का गैप नहीं छोड़ना है।




साड़ी विस्तृत कटिंग और पिनिंग के बाद अब सिलाई करने का समय आ गया है। चेकर्ड कपड़े को अपनी उषा जेनोम एल्योर डीलक्स सिलाई मशीन पर ले जाएं। चौकोर टुकड़े के किनारे को प्रेसर फुट के नीचे रखें। पैटर्न सिलेक्टर डायल को A पर और सिलाई की लंबाई को 2.5 पर सेट करें। एक समान गति से सिलना शुरू करें। याद रखें कि हमें केवल तीन साइड्स को सिलना है और ऊपरी हिस्से को खुला छोड़ना है। जब आप कोने पर पहुंचे तो रुकें और धागा काट लें और सिलना जारी रखें।




ये करने के बाद ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार सभी उधड़े हुए किनारों को काट लें। संक्षिप्त मे, हमने साइड्स को, निचले हिस्से को सिला है, और ऊपरी हिस्से को खुला छोड़ दिया है।



अब पिन लगाई हुई स्ट्रिप लें और ट्यूटोरियल में बताए अनुसार एक सिरे को सिलें, टांको को मजबूत करने के लिए शुरुआत और अंत में रिवर्स टांके लगाना न भूलें। सिलने के बाद पिन निकालें और दूसरे सिरे पर काम करें। दूसरे सिरे को भी सिलें और पिन निकल दें। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने तीनों स्ट्रिप्स को एक साथ जोड़ दिया है।




इसके बाद प्लेन शर्ट लें। एक तरफ से सिलना शुरू करें, लेकिन बैग को अंदर से बाहर पलटने के लिए निशान लगाए गए 3 इंच के गैप छोड़ना याद रखें। निशान पर रिवर्स टांके लगाएं। धागे को काटें और दूसरे निशान से सिलना शुरू करें। कोने तक सिलें और धागा काट लें। इसी प्रक्रिया को अन्य दो साइड्स पर भी दोहराएं। इन्हें प्रेसर फुट के साथ संरेखित करें और कोने तक सिलें।










ध्यान रखें कि हमें ऊपरी हिस्से को नहीं सिलना है। जैसा कि आप देख सकते हैं कि गैप को भी नहीं सिला है।

फिर पिन लगाए हुए प्लेन स्ट्रिप को लें और बिल्कुल चेकर्ड स्ट्रिप्स की तरह, पिन किए हुए किनारों को सिलें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। स्ट्रिप्स जैसी छोटी चीजों के लिए भी रिवर्स टांके बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। सिलने के बाद ये इस तरह दिखना चाहिए। अब दोनों स्ट्रिप्स को एक दूसरे के बगल में बिछा दें। सादे रंग की स्ट्रिप को चेकर्ड स्ट्रिप के ऊपर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। सुनिश्चित करें कि कोने सही से मेल खाएं। मिलाये हुए स्ट्रिप को प्रेसर फुट के किनारे के साथ संरेखित करें और लंबी साइड को आखिर तक सिलें। समतल सिरे को छोड़ दें और दूसरी तरफ सिलना शुरू करें। धागा काट लें। ये करने के बाद एक लूप टर्नर लें और इसे बिना सिले हुए समतल साइड से स्ट्रिप के अंदर डालें और कपड़े को तब तक पीछे धकेले जब तक कि लूप टर्नर बिना सिले हुए दूसरे साइड से बाहर न आ जाए। अब लूप को दिखाए अनुसार कपड़े में बांधें और लूप टर्नर को बाहर निकाल लें। अब आप आसानी से स्ट्रिप को अंदर से बाहर की ओर पलट सकते हैं।

अब हमें सीम को समतल करके बैग के हैंडल को अच्छा फिनिश देना होगा। क्रीज को हटाने और फोल्ड को सेट करने के लिए स्ट्रिप पर इस्त्री करें। देखें इस्त्री करने के बाद स्ट्रिप कितना अच्छा दिख रहा है। आइए अब बेल्ट पर एक एज स्टिच लगाएं।










अब मुख्य बैग पर काम करने का समय है, हमने जिन दो चौकोर टुकड़ों को सिला है उन्हें लें और अगल बगल मे बिछा दें। हमने चेकर्ड पीस के किनारों को सिल दिया है, बिना सिले हुए साइड को लें और कपड़े को अंदर से बाहर की ओर पलटें, किनारों पर ध्यान दें। एक बेहतर फिनिश के लिए कोनों को बाहर धकेलें।

फिर प्लेन अस्तर का कपड़ा लें और दिखाए अनुसार चेकर्ड के कपड़े इसके अंदर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। चेकर्ड कपड़े पर भी बैग के स्ट्रैप को अंदर धकेलें। अब तीन परतों के स्थान को देखें। अस्तर के कपड़े के सीम को स्ट्रिप के एक सिरे के साथ मिलाएं और फिर मुख्य बैग के कपड़े के सीम को अस्तर के कपड़े के बैग के साइड सीम के साथ मिलाएं और इसे स्ट्रिप के केंद्र पर रखें। इससे आपको कपड़े की तीन परतें मिलेंगी। इन्हें एक साथ कर के पिन लगा दें। ध्यान दें कि स्ट्रिप अस्तर के बैग और मुख्य कपड़े के बैग के बीच में आनी चाहिए जैसा कि दिखाया गया है।

दूसरी तरफ यही प्रक्रिया दोहराने से पहले सुनिश्चित करें कि हैंडल मुड़ा हुआ न हो और इसे दो मुख्य कपड़े के बीच में रख के पिन लगा दें। सीम पर ध्यान दें। सिलाई करते समय अतिरिक्त स्थिरता के लिए कपड़े के दोनों तरफ ऊपरी हिस्से पर पिन लगा दें। अब हम दिखाए अनुसार ऊपरी हिस्से के चारों ओर सिलाई

कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे एडजस्ट करें और सिलना शुरू करें। बैग के खुले हिस्से के चारों ओर सिलें और सुनिश्चित करें कि हैंडल सीम पर सही ढंग से सिल गए हैं।









टांको को मजबूत करने के लिए आखिर मे रिवर्स टांके लगाएं। याद है जो अस्तर के कपड़े में हमने 3 इंच का गैप छोड़ा था। इस गैप का इस्तेमाल मुख्य चेकर्ड के कपड़े को बाहर लाने के लिए करें। ये करते समय सावधानी बरतें और धैर्य रखें ताकि आपने जो अभी सिलाई करी है वो न उधड़े। अब इस 3 इंच के गैप को बंद करने का समय है। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे रखें और इस गैप को बंद करने के लिए एक सीधी सिलाई करें। गैप के शुरुआत और अंत में रिवर्स टांके लगाना याद रखें। अब अस्तर के कपड़े को वापस बैग में डालें। अब हमें ऊपरी हिस्से को बेहतर करने की जरूरत है। आइए पहले इस्त्री करें।

इस्त्री से खुले हुए हिस्से और कपड़े को समतल करें। ऐसा बैग के खुले हुए हिस्से के चारो ओर करें। पूरा होने में बस एक चरण बाकी है। इस्त्री किये हिस्से को जगह पे सुरक्षित करने के लिए सिलना जरुरी है ।

बैग के ऊपरी खुले हुए भाग के सीधे साइड को ऊपर कर के प्रेसर फुट के नीचे रखें और फोल्ड को जगह पर रखने के लिए खुले हुए भाग के चारो ओर टॉप स्टिच लगाएं।

और ये हो गया! हमारा खुद से बनाया बैग अब तैयार है। आपका टोटे बैग न सिर्फ स्टाइलिश है बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। आप इसे खरीदारी के लिए या यहां तक कि कॉलेज में अपनी कला दिखाने के लिए ले जा सकते हैं। छोटी जेब आपके चश्मे, को रखने के लिए एकदम सही जगह है जिन्हें आप आसानी से एक्सेस करना चाहते हैं। हमें ये बहुत पसंद है।